संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–अपनी दुनिया–पृष्ठ .5.....दिनांक..........2021

## लावारिसों के अंतिम संस्कार हेतु मुक्तिधाम में पहुंचाई लकडियां

रतलाम। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता पडने पर की जाने वाली पेड़ो की छंटनी व पेड़ गिर जाने पर पांजरा पोल व मानस भवन परिसर में एकत्रित की लकडियों को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा नगर के मुक्तिधामों पर भेजा जा रहा है निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार भक्तन की बावडी मुक्तिधाम में 2 ट्रॉली व 10 अप्रैल को 2 ट्रॉली लकडिया पहुंचाई गई जो कि लावारिस व्यक्तियों के अंतिम संस्कार में उपयोग की जायेगी।

## लावारिसों के अंतिम संस्कार हेतु मुक्तिधाम में पहुंचाई लकडियां

रतलाम। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता पडने पर की जाने वाली पेड़ो की छंटनी व पेड़ गिर जाने पर पांजरा पोल व मानस भवन परिसर में एकत्रित की लकडियों को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा नगर के मुक्तिधामों पर भेजा जा रहा है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–राजएक्सप्रेस–पृष्ठ 5....दिनांक 13-4......2021

भर्ती मरीजों को सभी सुविधाएं प्राप्त हो एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो

# कमिश्नर ने किया मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं का अवलोकन

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 13-4-2021

उज्जैन संभाग कमिश्नर संदीप यादव ने शासकीय मेडिकल कॉलेज रतलाम में कोविड-19 के तहत उपचार के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर गोपालचंद डाड, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ.शशि गांधी, अधीक्षक डॉ.जितेंद्र गुप्ता, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

कमिश्नर श्री यादव ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि यहां भर्ती मरीजों को सभी सुविधाएं प्राप्त हो एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस बात का ध्यान रखा जाए। मरीजों की अधिकता के अनुसार यदि अतिरिक्त बेड की आवश्यकता हो तो समय पूर्व उसकी व्यवस्था कर ली जाए। मेडिकल कॉलेज में दवाइयों की उपलब्धता और ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्थाओं को भी पर्याप्त रखा जाए। इस दौरान मेडिकल कॉलेज डीन ने उन्हें व्यवस्थाओं संबंधित जानकारी दी।

## -वार्ड का अवलोकन किया, परिजनों से चर्चा की


कमिश्नर श्री यादव ने कोविड-19 के तहत उपचार मरीजों के वार्ड का अवलोकन किया तथा वहां की व्यवस्थाओं संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के बाहर प्रतीक्षा स्थल पर मौजूद मरीजों




के परिजनों से भी चर्चा की। परिजनों ने व्यवस्थाओं संबंधी आवश्यक सुझाव दिए, जिनके संबंध में मेडिकल कॉलेज डीन को निर्देशित किया गया। कमिश्नर श्री यादव ने कहा कि परिजनों को भर्ती मरीजों संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से दी जाती रहे ताकि उन्हें भी संतोष रहे कि उनके परिजनों का उपचार ठीक तरह चल रहा है। उन्होंने परिजनों से भी अपेक्षा की कि वे भी संयम बनाकर रखें और चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर दी जा रही जानकारी को प्राप्त करें और उनका सहयोग करें। इससे पूर्व कमिश्नर श्री यादव ने बिरियाखेड़ी स्थित श्री गुरुनानक भवन वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर वैक्सीनेशन कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने यहां मौजूद लोगों से टीकाकरण के लिए अन्य परिजनों, परिचितों को भी प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों को वैक्सीनेशन करवाना है। कमिश्नर श्री यादव ने इससे पूर्व ई-दक्ष केंद्र में स्थित जिला कंट्रोल रूम का भी अवलोकन किया। कंट्रोल रूम पर संधारित की जा रही जानकारी और नागरिकों को यहां मौजूद अमले द्वारा प्रदान की जा रही सूचनाओं संबंधी जानकारी प्राप्त की।

मिला। सड़कों पर इतनी भीड़ और मंडी में हजारों लोग लॉकडाउन के समय होना पुलिस-प्रशासन की

संक्रमितों की रिपोर्ट में 130 पॉजिटिव मरीज मिले। वहीं तीन लोगों की मौत की जानकारी भी मिली।



## चिकित्सकों का करें सहयोग

संभागायुक्त ने मेडिकल कॉलेज के बाहर प्रतीक्षा स्थल पर मौजूद मरीजों के परिजनों से भी चर्चा की। परिजनों ने व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव भी दिए, जिनके संबंध में मेडिकल कॉलेज डीन को निर्देशित किया गया। कमिश्नर ने कहा कि परिजनों को भर्ती मरीजों संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से दी जाती रहे ताकि उन्हें भी संतोष रहे कि उनके परिजनों का उपचार ठीक तरह चल रहा है। उन्होंने परिजनों से भी अपेक्षा की कि वे भी संयम बनाकर रखें और चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर दी जा रही जानकारी को प्राप्त करें और उनका सहयोग करें।

### वैक्सीनेशन सेंटर भी देखा

कमिश्नर ने विरियाखेड़ी स्थित श्री गुरुनानक भवन वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर वैक्सीनेशन कार्य को देखा। उन्होंने यहां मौजूद लोगों से टीकाकरण के लिए अन्य परिजनों, परिचितों को भी प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों को वैक्सीनेशन करवाना है। इससे पूर्व ई-दक्ष केंद्र में स्थित जिला कंट्रोल रूम को भी देखा। आमजन को यहां मौजूद अमले द्वारा प्रदान की जा रही सूचनाओं संबंधी जानकारी प्राप्त दी। संभायुक्त के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. शशि गांधी, अधीक्षक डॉ. जितेंद्र गुप्ता, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## रतलाम के हाल जानने पहुंचे संभागायुक्त



वहीं दूसरी ओर रतलाम मेडिकल कॉलेज में चल रहे कोरोना मरीजों के उपचार के साथ यहां के हाल जानने के लिए सोमवार को उज्जैन से संभागायुक्त संदीप यादव रतलाम पहुंचे। यहां पर उनके द्वारा मेडिकल कॉलेज में कोविड-19 के तहत उपचार के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमिश्नर ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि यहां भर्ती मरीजों को सभी सुविधाएं प्राप्त हो एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस बात का ध्यान रखा जाए।

## संख्या देखते हुए समय से पहले बढ़ाए बेड

संभागायुक्त ने कहा कि मरीजों की अधिकता के अनुसार यदि अतिरिक्त बेड की आवश्यकता हो तो समय पूर्व उसकी व्यवस्था कर ली जाए। मेडिकल कॉलेज में दवाइयों की उपलब्धता और ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्थाओं को भी पर्याप्त रखा जाए। इस दौरान मेडिकल कॉलेज डीन ने उन्हें व्यवस्थाओं संबंधित जानकारी दी। संभागायुक्त ने कोविड-19 के तहत उपचार करा रहे मरीजों के वार्ड को देखा और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध आवश्यक निर्देश दिए।

## दुकानदार ने खोली दुकान, केस दर्ज

### लॉकडाउन की वजह से किराना दुकानों सहित अन्य दुकानें बंद करने का है आदेश



रतलाम. कोरोना के बढ़ते केस की वजह से जिला प्रशासन ने जिले में 19 अप्रेल तक लॉक डाउन लगा रखा है। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा नहीं हो इसके लिए दुकानों को खोलने पर भी प्रतिबंध लगा रखा है किंतु रावटी के चैनपुरा में एक दुकानदार ने इस आदेश का पालन करने की बजाय अपनी दुकान खोलकर रखी। पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ धारा 188 में केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार रावटी के चैनपुरा फंटे पर स्थित किराना दुकान के संचालक भरलाल गुर्जर पिता कंपा गुर्जर 36 ने अपनी दुकान को खोलकर रखा वरन दुकान पर ग्राहकों को भी एकत्रित करके रखा। ग्राहकों के बीच सोश्यल डिस्टेंसिंग का भी पालन नहीं किया जा रहा था। पुलिस को सूचना मिलने पर दुकानदार के खिलाफ धारा 144 के उल्लंघन पर धारा 188 में केस दर्ज किया है।

## हेल्प डेस्क से परिजनों को राहत: आईसीयू एवं एचडीयू में मरीज से मिलने का समय दोपहर 1 से 3.30 बजे तक रहेगा



मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी जुटाते संभागायुक्त।

रतलाम. मेडिकल कॉलेज के कोविड-19 अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीजों के परिजनों को हो रही असुविधा को देखते हुए यहां पर हेल्प डेस्क शुरू की गई है। इस हेल्प डेस्क से मरीज के परिजनों को काफी राहत मिलती नजर आ रही है। मरीजों से मिलने का समय निर्धारित होने एवं फोन पर भी चर्चा की सुविधा होने से मरीजों के परिजनों ने संतोष जताया है।

मेडिकल कॉलेज में स्थापित हेल्प डेस्क के माध्यम से गहन चिकित्सा इकाई आईसीयू एवं



टीकाकरण केंद्र टीका लगवाते हुए शहरवासी।

एचडीयू में मिलने का समय दोपहर 1 से 3.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। आईसीयू तथा एचडीयू में भर्ती मरीजों के एक ही परिजन को एक दिन में एक बार मिलने की अनुमति रहेगी। आईसीयू एवं एचडीयू के अलावा अन्य किसी वार्ड में भर्ती मरीजों से परिजन को मिलने की अनुमति नहीं है। अन्य वार्ड में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी के लिए हेल्प डेस्क पर संपर्क किया जा सकता है।

### 24 घंटे टेलीफोन सुविधा

हेल्पडेस्क पर संपर्क करने के लिए समय सुबह 11 से दोपहर 1 बजे के बीच का समय निर्धारित किया गया है एवं [illegible] जानकारी चौबीस घंटे टेलीफोन नंबर 9407196101 से प्राप्त की जा सकती है। आईसीयू में भर्ती मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था अस्पताल में ही की गई है। अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों के परिजनों से अपील की है कि आईसीयू एवं एचडीयू में भर्ती मरीजों को भोजन न दें। इसके अतिरिक्त अस्पताल में भर्ती किसी भी मरीज के लिए दवाइयों एवं आवश्यक सामग्री (डॉक्टर के द्वारा लिखी हुई) देने का समय भी सुबह [illegible]

कोरोना के परिणाम कुछ भी हो, मगर कुछ लोग नहीं सुधरेंगे... **अब भी समय है**

# ये लॉकडाउन है या अनलॉक, लापरवाही जान पर भारी, मेडिकल कॉलेज में बेड नहीं मिल रहे

रतलाम @ **पत्रिका.** जिले में लगातार बढ़ती कोरोना मरीजों की संख्या को देख प्रशासन ने भले ही 9 दिन का लॉकडाउन लगा दिया है लेकिन बाजार में लोग अनलॉक की तरह घूमते नजर आ रहे है। ऐसा ही एक नजारा लॉकडाउन के तीसरे दिन सोमवार की सुबह नजर आया, जब हजारों की संख्या में लोग सब्जी खरीदने के लिए अपनी व दूसरों की जान जोखिम में डाल कर सैलाना बस स्टैंड स्थित सब्जी मंडी पहुंच गए। शायद इन लोगों को यह पता नहीं है कि अब मरीजों के उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में बेड भी कम पड़ने लगे है। एक मरीज के डिस्चार्ज होने तक का दूसरे मरीज को इंतजार करना पड़ रहा है। आमजन की यह लापरवाही किसी भी दिन उनके अपनों की जान पर भारी पड़ सकती है।



**लापरवाही:** सैलाना बस स्टैंड स्थित सब्जी मंडी में लगी भीड़

## 6 ठे दिन 130 पॉजिटिव मिले, 3 मौत की पुष्टि

रतलाम में लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या के पीछे सबसे बड़ा कारण लोगों के द्वारा लापरवाही बरती जाना है। सोमवार को शहर की सड़कों के साथ ही सैलाना बस स्टैंड स्थित सब्जी मंडी में देखने को नाकामी सख्ती को दर्शा रहे है, जिसके चलते लोग मजे से बच्चों को लेकर गाड़ियों पर घूमते नजर आ रहे है तो परिवार के बड़े बुजुर्ग भी गली-मोहल्लों में सुबह-शाम पैदल घूमने निकल रहे है। सोमवार को कोरोना

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका----पृष्ठ 6.....दिनांक 1 July.......2021


सीएम की मंशानुरूप सेंटर की शुरुआत

# 50 बिस्तरों का कोविड केयर सेंटर शुरू

## विधायक काश्यप व कलेक्टर डाड ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com





रतलाम. सागोद रोड स्थित श्री बरोठ माता मंदिर के पीछे शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में आरंभ किए गए 50 बिस्तरों वाले कोविड केयर सेन्टर का सोमवार को विधायक चेतन्य काश्यप एवं कलेक्टर गोपालचंद डाड ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस सेन्टर में 5 मरीज दाखिल हुए है। यह सेन्टर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की मंशा अनुसार आरंभ किया गया है।

विधायक काश्यप ने बताया कि कोविड केयर सेन्टर में कोरोना के बिना लक्षण व कम लक्षण वाले मरीजों को रखा जाएगा। प्रारंभ में 50 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है, मगर आवश्यकता पड़ने पर इसे 300 बिस्तरों तक बढ़ाया जा सकेगा। गत वर्ष भी इस परिसर में 100 बिस्तरों वाला कोविड केयर सेन्टर संचालित हुआ था। इस सेन्टर में 24 घण्टे डॉक्टर एवं उपचार की सुविधा के साथ सामान्य जांच के सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहेंगे। इस परिसर में भर्ती होने वाले मरीजों को सारी सुविधा निशुल्क मिलेगी। सुबह की चाय, नाश्ता एवं भोजन के साथ आवश्यक उपचार प्रतिदिन दिया जाएगा।

### मौजूद रहेगा स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ

काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 2 दिन पहले कोरोना माहमारी से बचाव के प्रबंधों की समीक्षा के दौरान ऐसे मरीजों, जिनके पास होम आईसोलेशन की सुविधा नहीं है, उनके लिए प्रत्येक जिले में कोविड केयर सेन्टर शुरू करने के निर्देश दिए थे। इस सेन्टर में डॉक्टर, नर्स के साथ ऑक्सीमीटर एवं एम्बुलेंस सुविधा भी रहेगी। मरीज की स्थिति गंभीर होने पर उसे तत्काल शासकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एसपी गौरव तिवारी, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, निर्मल कटारिया आदि मौजूद थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 9 दिनांक 13-4-2021

## गंदगी मिली, वार्ड प्रभारी डागर को बर्खास्तगी का नोटिस

भास्कर 13-4-2021

रतलाम | सफाई में लगातार लापरवाही बरतने और निरीक्षण के दौरान वार्ड में गंदगी पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड 17 के सफाई कर्मचारी और वार्ड प्रभारी रमेश डागर को बर्खास्त करने का नोटिस दिया है। उसका एक दिन का वेतन काट दिया है। आयुक्त झारिया ने बताया वार्ड में सफाई करवाने की जिम्मेदारी वार्ड प्रभारी की है। बार-बार निर्देश के बावजूद लापरवाही की जा रही है। ऐसे में दरोगा और प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## वार्ड में गंदगी मिलने पर प्रभारी को नोटिस

रतलाम। सफाई में लापरवाही बरतने व वार्ड में गंदगी पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार वार्ड 17 के स्थायीकर्मी सफाई संरक्षक व वार्ड प्रभारी रमेश डागर का एक दिवस का वेतन काटने, प्रभारी के पद से हटाए जाने व सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

नई दुनिया 13-4-21

# लाकडाउन में तेजी से चल रहा सीवरेज लाइन का काम

## निगमायुक्त ने दिए कार्य ठीक से करने के निर्देश



सैलाना बस स्टैंड चौराहा पर सीवरेज कार्य का जायजा लेते हुए निगमायुक्त सोमनाथ झारिया। •नईदुनिया 13-4-2021

रतलाम। शहर में सीवरेज प्रोजेक्ट की पाइपलाइन डाले का काम अंतिम दौर में है। लाकडाउन में काम तेजी से किया जा रहा है। अंतिम चरण का कार्य शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण हो इसके लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सहायक यंत्री श्याम सोनी के साथ विभिन्न स्थानों पर चल रहे शेष कार्यों का निरीक्षण कर कंपनी के इंजीनियर को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने दौलतगंज में चल रहे कार्य कार्य का निरीक्षण कर डाली जाने वाली शेष लाइन की लंबाई व गहराई की जानकारी ली। आयुक्त ने पाइपलाइन डालने के बाद रोड लेवल तक भराव कर पानी डालने मटेरियल दबने के बाद मुरम डालने व रोलर चलवाने के बाद रिस्टोरेशन कार्य करने के निर्देश दिए। तोपखाना से चांदनी चौक तक चल रहे रिस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण कर आयुक्त ने कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला रोड चौराहा, हाट की चौकी, हाट रोड, महाराणा प्रताप चौक, सैलाना ओवरब्रिज के पास व साक्षी पेट्रोल पम्प के पास चल रहे कार्य का भी निरीक्षण किया और इंजीनियर कार्य के दौरान बेरिकेडिंग करने व कार्य का नाम, कार्य प्रारंभ व पूर्ण करने की तारीख, कार्य की लंबाई, इंजीनियर का नाम आदि का फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिए।

**दो मुंह की बावड़ी की होगी सफाई**

निगम आयुक्त ने दो मुंह की बावड़ी का निरीक्षण कर वहां जमी पुराने कचरे को हटाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए ताकि प्राचीन जल स्रोत का पानी दूषित ना हो। खटीक मोहल्ला में वर्षों पुरानी नाली जाम होने की समस्या पर नाली खुलवाने के लिए शुरू किए गए कार्य का निरीक्षण किया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ ...1.... दिनांक 15-4 .....2021

# ट्रैफिक बंद, मेन होल बनाने और लाइन जोड़ने छह जगह लगाई टीमें, सोमवार तक पूरा हो जाएगा काम

## आम दिनों में शहर के बाजार वाले इलाकों में यातायात दबाव होने से नहीं हो पा रही थी खुदाई

**सीवरेज की 8 किमी लाइन डलना है, इसमें 5 किमी शहर के बीच तथा 3 किमी बाहरी क्षेत्र की है**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

13-4-2021

मुख्य बाजार के भारी यातायात वाले इलाकों में बचा हुआ सीवरेज सिस्टम का काम सोमवार 19 अप्रैल तक पूरा हो जाएगा।

लॉकडाउन में ट्रैफिक लगभग बंद है, ऐसे में काम तेजी से हो सकेगा। इसका फायदा उठाते हुए सोमवार को 6 स्थानों पर 6 टीम लगाकर सीवरेज ठेकेदार एक साथ काम चालू कर दिया है। इनमें 5 स्थानों पर दो तरफ से आ रही लाइन को जोड़कर मेन होल बनाना है, एक जगह लाइन को रोड क्रॉस करके मुख्य लाइन से जोड़ना है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने ठेकेदार को सोमवार तक सारे काम पूरा करने का टारगेट दिया है। ताकि लॉकडाउन खुले तो शहरवासियों को परेशानी न हो। बता दें कि सीवरेज की लगभग 8 किमी लाइन डलना है, इसमें 5 किमी शहर के बीच तथा 3 किमी बाहरी क्षेत्र की है। 273 किमी की सीवरेज लाइन में से 265 लाइन बिछ चुकी है।

### जहां काम चले वहां बैरिकेडिंग कर सूचना फ्लैक्स लगाओ : आयुक्त



सैलाना बस स्टैंड चौराहे पर मेन होल का निर्माण देखते आयुक्त झारिया व अन्य।

**पंपिंग स्टेशनों में लगेंगे उपकरण** शहर के गंदे पानी को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तक पहुंचाने वाले पांच पंपिंग स्टेशनों में अगले सप्ताह से मोटर पंप व अन्य उपकरण लगना शुरू हो जाएंगे। अर्जुन नगर, भक्तन की बावड़ी, गोमदड़े की पुलिया वाले पहले ही बन चुके। करमदी और दीनदयालनगर वाले स्टेशन का फिनीशिंग वर्क चल रहा है। बिजली कनेक्शन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मोटर पंप व अन्य उपकरण लगना शुरू हो जाएंगे। खेतलपुर वाले एसटीपी में बिजली कनेक्शन हो चुका है। टेस्टिंग करने की तैयारी चल रही है। करमदी वाले एसटीपी को तैयार होने में अभी दो माह और लगेंगे।

**रिस्टोरेशन नियमानुसार होना चाहिए** - लाइन डालने का बाद सड़क के रिस्टोरेशन में लापरवाही न हो। बैरिकेडिंग कर सूचना वाला फ्लैक्स, इंजीनियर व अन्य के नाम व मोबाइल नंबर लिखो। यह निर्देश नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दिए। उन्होंने दौलत गंज, गौशाला रोड चौराहा, हाट की चौकी, हाट रोड, महाराणा प्रताप चौक, सैलाना ओवर ब्रिज के पास और साक्षी पेट्रोल पंप के पास चल रहा काम देखा। असिस्टेंट इंजीनियर श्याम सोनी, ठेकेदार कंपनी प्रोजेक्ट मैनेजर रमेश भाई, पीडीएमसी इंजीनियर वैभव शर्मा, गिरिराज सिंह सोलंकी और इंद्र प्रताप सिंह सिकरवार साथ रहे।

### यहां चल रहा काम

- साक्षी पेट्रोल पंप के पास सैलाना रोड
- सैलाना बस स्टैंड
- गेलड़ा सेंव के पास, घास बाजार
- हाट की चौकी के पास, आशीर्वाद नर्सिंग होम वाली गली
- कॉलेज के सामने आरोग्यम अस्पताल से नगर निगम तिराहे तक
- गोशाला रोड चौराहा

### काम जल्दी होगा

सीवरेज लाइन का काम शहर में कई ऐसे स्थानों पर बाकी था, जहां भारी यातायात से मुश्किल आ रही थी। लॉकडाउन में ट्रैफिक लगभग बंद है। इसलिए एक साथ काम चालू करवाया है। मॉनीटरिंग भी कर रहे हैं। लॉकडाउन खुलने से पहले काम पूरा हो जाएगा।

**सोमनाथ झारिया,**
आयुक्त